भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

29 जनवरी 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा कटक (ओड़िशा) में आयोजित विशाल कार्यकर्ता समावेश में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

2019 का परिणाम स्पष्ट है। समग्र राष्ट्र की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में पुनः देश की बागडौर सौंपने के लिए तैयार है। पूर्ण बहुमत के साथ पुनः मोदी सरकार का बनना तय है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी न्यू इंडिया के साथ-साथ न्यू ओड़िशा की रचना के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां कोई बेरोजगारी न हो, कहीं गंदगी न हो, कहीं बीमारी न हो

****

हमें केंद्र में फिर से मोदी सरकार तो बनानी ही है लेकिन ओड़िशा में भी भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है। उत्कल गौरव को आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है

****

ओड़िशा सरकार तो महाप्रभु के रत्न भण्डार की भी ठीक से रखवाली नहीं कर सकी। यदि महाप्रभु के रत्न भंडार की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगता है तो वह प्रश्नचिह्न महाप्रभु के रत्न भंडार पर नहीं, यह उत्कल प्रदेश की लक्ष्मी पर प्रश्नचिह्न लगा है, ओड़िशा की समृद्धि पर प्रश्नचिह्न लगा है

****

ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक राज्य की जनता को बताएं कि प्रदेश के नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रहा? ऐसा इसलिए क्योंकि नवीन बाबू को डर है कि इस योजना से मोदी जी की लोकप्रियता और बढ़ जायेगी, यहाँ पर भाजपा की सरकार बन जायेगी

****

नवीन बाबू, तनिक पंचायत चुनाव के परिणाम देख लीजिये, पंचायत चुनाव के परिणाम बताते हैं कि ओड़िशा में अगली सरकार भारतीय जनता पार्टी की बनने वाली है

****

सोनिया-मनमोहन-राहुल सरकार की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग में ओड़िशा को विकास के लिए केवल 79,000 करोड़ रुपये दिए गए जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में 2,11,510 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की

****

केन्द्रीय योजनायें सहित सभी योजनाओं में कुल मिलाकर मोदी सरकार ने ओड़िशा को विकास के लिए 5,13,,000 करोड़ रुपये दिए लेकिन इसका लाभ राज्य के गरीबों तक पहुंचा ही नहीं

****

आजादी के 70 सालों में राहुल गाँधी की चार पीढ़ियों ने 55 साल तक शासन किया लेकिन गरीबों के घर में गैस का चूल्हा नहीं पहुंचा, शौचालय नहीं पहुंचा, गाँवों में पीने का पानी नहीं पहुंचा, सड़कें और बिजली नहीं पहुँची। यह मोदी सरकार है जो गरीबों के जीवन में उजाला लाने का काम कर रही है

****

एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास के प्रति समर्पित भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए गठबंधन है जिसमें 26 से ज्यादा दल हैं जबकि दूसरी ओर जो ढकोसला महागठबंधन है जिसका न तो कोई नेता है, न नीति और न ही कोई सिद्धांत

****

तथाकथित महागठबंधन के नेताओं को ‘मजबूर’ सरकार चाहिए जबकि देश की जनता को ‘मजबूत’ सरकार चाहिए जो देश को सफलता के सर्वोच्च शिखर पर आसीन कर सके और मजबूत सरकार केवल और केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही दे सकते हैं

****

आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाया गया है। हर ब्लॉक में आदिवासी कल्याण के लिए दस करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था की गई है, हर ट्राइबल जिले में एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल खोले गए हैं

****

प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर राज्यों में से एक ओडिशा का विकास इसलिए नहीं हुआ क्योंकि यहाँ की बीजद सरकार राज्य का विकास नहीं होने देना चाहती

****

कांग्रेस और बीजद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ओड़िशा वासियों ने कांग्रेस को भी लंबा वक्त दिया, नवीन पटनायक को भी लंबा वक्त दिया लेकिन राज्य का विकास नहीं हुआ। आप एक मौक़ा भारतीय जनता पार्टी को दीजिये, हम उत्कल प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनायेंगे

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज ओडिशा के कुलिया, कटक में आयोजित विशाल कार्यकर्ता समावेश को संबोधित किया और ओडिशा में लोक सभा में भारतीय जनता पार्टी की शानदार विजय सुनिश्चित करने के साथ-साथ राज्य में भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनाने की अपील की। इसके पहले वे सत्याभामापुर स्थित उत्कल गौरव एवं महान विभूति श्रद्धेय मधुसूदन दास जी के जन्म स्थान गए और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

महाप्रभु जगन्नाथ जी के चरणों में सादर प्रणाम करते हुए उन्होंने ओड़िशा की महान विभूतियों का पुण्य स्मरण किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सपनों के 'न्यू ओडिशा' के निर्माण की प्रतिबद्धता स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि **उत्कल गौरव को आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।**

भाजपा को निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की विजय के मूल में पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं का परिश्रम है।** उन्होंने कहा कि **हमें केंद्र में फिर से मोदी सरकार तो बनानी ही है लेकिन ओड़िशा में भी भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है।**

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार गरीबों, आदिवासियों और दलितों की सरकार है। उन्होंने कहा कि **आजादी के 70 सालों में राहुल गाँधी की चार पीढ़ियों ने 55 साल तक शासन किया लेकिन देश के गरीबों के घर में गैस का चूल्हा नहीं पहुंचा, शौचालय नहीं पहुंचा, गाँवों में पीने का पानी नहीं पहुंचा, सड़कें और बिजली नहीं पहुँची।** केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से लगभग 6 करोड़ गरीब परिवार को गैस कनेक्शन दिया गया, दो करोड़ घरों और 19 हजार गाँवों में बिजली पहुंचाई गई, 13 करोड़ गरीब माताओं एवं बच्चों का टीकाकरण किया गया लेकिन ओड़िशा में नवीन पटनायक की सरकार इन जन-कल्याणकारी योजनाओं को नीचे तक पहुँचने नहीं देती। आयुष्मान भारत योजना का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी गरीबों को स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से निजात दिलाने के लिए आयुष्मान भारत की योजना लेकर आये जिससे देश के 50 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये प्रति वर्ष रुपये तक के स्वास्थ्य खर्चे से निजात मिल सकेगी। **मैं ओड़िशा के मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूँ कि हमारे गरीब ओड़िया वासियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ क्यों नहीं मिलता? ओडिशा**

की बीजद सरकार अलग-अलग बहाने बनाती है क्योंकि ओडिशा के मुख्यमंत्री को डर है कि इस योजना से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता और बढ़ जायेगी, यहाँ पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन जायेगी। नवीन बाबू, तनिक पंचायत चुनाव के परिणाम देख लीजिये, पंचायत चुनाव के परिणाम बताते हैं कि ओड़िशा में अगली सरकार भारतीय जनता पार्टी की बनने वाली है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक खनिज संपत्ति वाले राज्यों में से एक ओडिशा का विकास इसलिए नहीं हुआ क्योंकि यहाँ की बीजद सरकार राज्य का विकास नहीं होने देना चाहती।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी न्यू इंडिया के साथ-साथ न्यू ओड़िशा की रचना के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां कोई बेरोजगारी न हो, कहीं गंदगी न हो, कहीं बीमारी न हो।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन-राहुल सरकार की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग में ओड़िशा को विकास के लिए केवल 79,000 करोड़ रुपये दिए गए जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में 2,11,510 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की। इसके अलावे मोदी सरकार ने ओडिशा को विकास के लिए 51 हजार करोड़ रुपये की राशि अलग से दी।** जलमार्ग के विकास के लिए लगभग 2,000 करोड़, ग्राम ज्योति योजना के लिए 1700 करोड़, तीन ब्लॉक की पारदर्शी नीलामी से 14,000 करोड़, तीन नए मेडिकल कॉलेज के लिए 1,600 करोड़, पुराने मेडिकल कॉलेज के उन्नयन के लिए 400 करोड़, अमृत योजना में 1,900 करोड़, भगवान् जगन्नाथ पुरी के विकास के लिए हृदय एवं प्रसाद योजना में 70 करोड़ और पारादीप स्मार्ट इंडस्ट्रियल पोर्ट सिटी के डेवलपमेंट के लिए 3,300 करोड़ रुपये दिए गए। इसके अतिरिक्त 33,000 करोड़ रुपये के लोन मुद्रा बैंक के अंतर्गत दिए गए, लगभग 1,37,816 करोड़ रुपये पेट्रोलियम प्रोजेक्ट के लिए दिए गए, जिला निधि के तौर पर 400 करोड़ रुपये दिए गए, **कुल मिलाकर 5,13,000 करोड़ रुपये नरेन्द्र मोदी सरकार ने ओड़िशा के विकास के लिए दिए। लेकिन विकास के लिए दी गई राशि राज्य के गरीबों तक पहुँची ही नहीं। आज भी राज्य की लगभग 40% आबादी के पास घर नहीं है, लगभग 38% लोगों के पास पीने का पानी नहीं है, हर जगह सूखे की स्थिति बनी हुई है। जन-कल्याण के सारे कार्य मोदी सरकार कर रही है।**

आदिवासियों के कल्याण के लिए मोदी सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **देश भर में आदिवासियों के कल्याण के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाया गया है। जो पैसा आज तक उद्योगपतियों के खजाने में जाता था, आज खदानों की नीलामी से प्राप्त उस आय का एक हिस्सा आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण के लिए उपयोग में लाया जाता है। हर ब्लॉक में आदिवासी कल्याण के लिए दस करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था की गई है, हर ट्राइबल जिले में एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल खोले गए हैं,** बांस मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, वन बंधु योजना के माध्यम से आदिवासियों के समग्र विकास की परिकल्पना साकार की जा रही है। उन्होंने कहा कि 70 साल बाद एक ऐसा प्रधानमंत्री देश में आया है जिसने आदिवासी भाइयों-बहनों के कल्याण के लिए सरकार के खजाने खोल दिए हैं।

नवीन पटनायक सरकार पर हमला जारी रखते हुए श्री शाह ने कहा कि **ओड़िशा सरकार तो महाप्रभु के रत्न भण्डार की भी ठीक से रखवाली नहीं कर सकी। यदि महाप्रभु के रत्न भंडार की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगता है तो वह प्रश्नचिह्न महाप्रभु के रत्न भंडार पर नहीं, यह उत्कल प्रदेश की लक्ष्मी पर प्रश्नचिह्न लगा है, ओड़िशा की समृद्धि पर प्रश्नचिह्न लगा है।**

तथाकथित महागठबंधन को लेकर फिर विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए गठबंधन में 26 से ज्यादा दल हैं जबकि दूसरी ओर जो ढकोसला महागठबंधन है, उसका न तो नेता है, न नीति और न ही कोई सिद्धांत।** उन्होंने कहा कि **तथाकथित महागठबंधन के नेताओं को 'मजबूर' सरकार चाहिए जबकि देश की जनता को 'मजबूत' सरकार चाहिए जो देश को सफलता के सर्वोच्च शिखर पर आसीन कर सके और मजबूत सरकार केवल और केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही दे सकते हैं।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **ओड़िशा में 19 साल तक नवीन बाबू की सरकार चली है और 2019 में ही चुनाव है। ओड़िशा वासियों ने कांग्रेस को भी लंबा वक्त दिया, नवीन पटनायक को भी लंबा वक्त दिया लेकिन राज्य का विकास नहीं हुआ। आप एक मौक़ा भारतीय जनता पार्टी को दीजिये, हम उत्कल प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनायेंगे।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस और बीजद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, दोनों ही ओड़िशा का विकास नहीं कर सकते।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस और बीजद, दोनों ने ओडिशा में लंबे वक्त तक शासन किया लेकिन गरीबों की जिंदगी में कोई सुधार नहीं आया। समग्र राष्ट्र की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में पुनः देश की बागडौर सौंपने के लिए तैयार है। 2019 का परिणाम स्पष्ट है। पूर्ण बहुमत के साथ मोदी सरकार का बनना तय है।** मैं आपसे बस अपील करने आया हूँ कि इस बार मोदी सरकार को उत्कल प्रदेश का भरपूर आशीर्वाद मिलना चाहिए, भगवान् महाप्रभु का आशीर्वाद मिलना चाहिए, हम उत्कल गौरव और उड़िया संस्कृति को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव